दिनांक- 10.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 45/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- चरखारी, थाना-चरखारी

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफ़र अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक- 10.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सूरज कुमार पाण्डेय मय हमराह हे0का0 राजाराम पाल व हे0का0 ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त अंकित यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम टोलासोयम थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये ग्राम सूपा थाना चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 87/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1.उ0नि0 सूरज कुमार पाण्डेय
2.हे0का0 राजाराम पाल 3.हे0का0 ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

अंकित यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम टोलासोयम थाना चरखारी जनपद महोबा

**बरामदगी -**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।



दिनांक- 10.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 46/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा "ड्रंक एंड ड्राइव" एवं "ऑपरेशन ऑल आउट" अभियान, सड़क सुरक्षा व कानून-व्यवस्था हेतु सघन कार्यवाही...।

जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में दिनांक 09.05.2026 को व्यापक स्तर पर "ड्रंक एंड ड्राइव" एवं "ऑपरेशन ऑल आउट" अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त टोल प्लाज़ा एवं प्रमुख मार्गों पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा Breath Analyzer के माध्यम से सघन चेकिंग की गई तथा नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।

सायंकालीन समय में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में "ऑपरेशन ऑल आउट" अभियान चलाते हुए बिना हेल्मेट, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, संदिग्ध वाहन/व्यक्ति, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले एवं अन्य अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं पूछताछ की गई।

अभियान के दौरान कुल 1031 चालान किए गए तथा ₹15,09,000/- का शुल्क वसूला गया, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखें, नियमित चेकिंग एवं गश्त सुनिश्चित करें तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखें।

जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे शार्प टर्न एवं अन्य संवेदनशील बिंदुओं को चिन्हित कर उनमें सुधार एवं पुलिस की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आमजन से अपील की गई कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेल्मेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




दिनांक- 10.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 47/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- कुलपहाड़, थाना- कुलपहाड़

**क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के नेतृत्व में थाना कुलपहाड़, प्रशासन व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 100 ली0 कच्ची शराब बरामद व 4000 ली0 लहन नष्ट।**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा पुलिस द्वारा अवैध एवं कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.05.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में थाना कुलपहाड़ पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी बेलाताल क्षेत्रांतर्गत स्टेशन रोड स्थित औना का डेरा एवं श्रीनगर रोड स्थित गोरा तालाब डेरा में छापेमारी की गई, जहां कबूतरा डेरा के निवासियों द्वारा भारी मात्रा में लहन संग्रहित कर अवैध कच्ची शराब निर्माण किया जा रहा था।

संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से बालू, ईंट व सीमेंट से निर्मित टंकियों एवं प्लास्टिक ड्रमों में संग्रहित लगभग 4000 लीटर लहन को नष्ट कराया गया तथा अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को भी ध्वस्त किया गया।

कार्यवाही के दौरान मौके से लगभग 100 लीटर निर्मित अवैध कच्ची शराब बरामद कर विधिवत सीज की गई। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूरी कार्यवाही विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई गई। इस संयुक्त अभियान से अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों को कड़ा संदेश दिया गया है।

महोबा पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी तथा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।




